# Interim Assistance Reimbursement Authorization
# (अंतरिम सहायता प्रतिपूर्ति प्राधिकरण, IARA)

Washington State Department of Social & Health Services
ESA Economic Services Administration

| ग्राहक का नाम | सोशल सिक्यूरिटी नंबर | क्लाइंट ID नंबर | टेलीफ़ोन नंबर |
|---|---|---|---|
| गली का पता | शहर | राज्य | ज़िप कोड |
| डाक पता | शहर | राज्य | ज़िप कोड |

**राज्य शब्द का मतलब Washington का Department of Social and Health Services (सामाजिक एवं स्वास्थ्य सेवा विभाग) है। मैं, मुझे और मेरा शब्दों का मतलब ऊपर नामित ग्राहक से है। SSA शब्द का मतलब Social Security Administration (सामाजिक सुरक्षा प्रशासन) है। SSI शब्द का मतलब Social Security Supplemental Security Income (सामाजिक सुरक्षा पूरक सुरक्षा आय) है, जो एक संघीय पूरक सुरक्षा आय कार्यक्रम है। अंतरिम सहायता शब्द का मतलब है नकद भुगतान जो पूरी तरह से राज्य के फ़ंड्स द्वारा वित्तपोषित होता है और ग्राहक की बुनियादी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए राज्य द्वारा या उसकी ओर से प्रदान किया जाता है जिसे बाद में प्रारंभिक या बहाल SSI भुगतान द्वारा डुप्लीकेट किया जाता है।**

**इस फ़ॉर्म पर हस्ताक्षर करके मैं क्या अधिकृत कर रहा हूँ?**

अगर मुझे SSI भुगतान प्राप्त करने के लिए योग्य पाया जाता है, तो मैं समझता हूँ कि मैं SSA आयुक्त को अपने पूर्वव्यापी SSI भुगतान से राज्य को प्राप्त राज्य सार्वजनिक सहायता की राशि के बराबर राशि जारी करने के लिए अधिकृत कर रहा हूँ।

**क्या राज्य के पास मुझसे इस प्राधिकरण पर हस्ताक्षर करवाने का अधिकार है?**

हाँ। प्राधिकरण पर हस्ताक्षर करना WAC 388-400-0060 और RCW 74.62.030 के अनुसार राज्य द्वारा वित्त पोषित नकद सहायता के लिए एक योग्यता ज़रूरी है। अगर मैं इस प्राधिकरण पर हस्ताक्षर करने से इनकार करता हूँ, तो मुझे राज्य की सार्वजनिक सहायता नहीं मिल सकती।

**अगर SSA मुझे पूर्ण पूर्वव्यापी भुगतान भेज देता है तो मुझे क्या करना होगा?**

मैं समझता हूँ कि मैं समान अवधि के लिए राज्य सार्वजनिक सहायता और SSI लाभ प्राप्त नहीं कर सकता। जब SSI के लिए मंजूरी मिल जाती है, तो मैं समझता हूँ कि राज्य की सार्वजनिक सहायता एक ऋण बन जाएगी जिसे मुझे चुकाना होगा। अगर मुझे SSI पूर्वव्यापी भुगतान प्राप्त होता है जो राज्य को चुकाने के लिए कम नहीं होता है, तो मैं वित्तीय वसूली कार्यालय को
1-800-562-6114 पर कॉल करूँगा और ऋण चुकाने के तरीके के बारे में उनके निर्देशों का पालन करूँगा।

**ये प्राधिकरण कब तक प्रभावी है?**

प्राधिकरण को वैध होने के लिए मेरे और एक राज्य प्रतिनिधि द्वारा हस्ताक्षरित होना चाहिए। राज्य द्वारा इसे प्राप्त करने की तारीख से एक कैलेंडर वर्ष के लिए ये राज्य और मुझ पर बाध्यकारी है और मैं उस अवधि के दौरान SSI के लिए फ़ाइल करने के लिए सहमत हूँ।

जब एक SSI आवेदन **दायर किया जाता है, तो** ये प्राधिकरण **तब तक वैध** रहता है जब तक कि:

- मुझे अपना पहला SSI भुगतान नहीं मिल जाता; या
- मैं रिव्यु या प्रशासनिक अपील के लिए अनुरोध दायर नहीं करता हूँ और फ़ाइल करने की अधिकतम समय सीमा एक्सपायर न हो चुकी हो; या
- राज्य और मैं इस प्राधिकरण को समाप्त करने पर सहमत नहीं हो जाते।

**अगर राज्य मेरे द्वारा इस प्राधिकरण पर हस्ताक्षर करने की तारीख से 30 दिनों के अंदर SSA को सूचित नहीं करता है तो ये प्राधिकरण मेरे लिए बाध्यकारी नहीं है।**

**क्या ये प्राधिकरण SSI लाभों के लिए सुरक्षात्मक फ़ाइलिंग के रूप में काम करता है?**

हाँ, अगर मैंने पहले से ही SSI आवेदन फ़ाइल नहीं किया है, तो SSA को इस फ़ॉर्म को मंजूर करना होगा और जिस तारीख को मैंने प्राधिकरण पर हस्ताक्षर किया था, उसके 60 दिनों के अंदर एक SSI आवेदन फ़ाइल करने पर जिस तारीख को मैंने इस प्राधिकरण पर हस्ताक्षर किया था, उसे SSI के लिए आवेदन करने की तारीख के रूप में इस्तेमाल करना होगा। अगर मैं 60 दिनों के अंदर SSI लाभों के लिए एक आवेदन फ़ाइल नहीं करता हूँ, तो ये प्राधिकरण तब SSI के लिए मेरी फ़ाइलिंग की तारीख को संरक्षित नहीं रखेगा।

**अगर मैं इस प्राधिकरण के संबंध में राज्य द्वारा की गई किसी कार्रवाई से असहमत हूँ तो मुझे प्रशासनिक सुनवाई का अधिकार है।**

| ग्राहक के हस्ताक्षर | दिनांक |
|---|---|
| DSHS प्रतिनिधि के हस्ताक्षर | DSHS द्वारा प्राप्ति की तारीख |



Barcode label

18235